दिन— शनिवार दिनांक— 18 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में गिरा। सरकार ने विपक्ष पर महिला विरोधी होने का लगाया आरोप।

02. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा—विधेयक को पास करवाने के लिए एनडीए सरकार के पास ठोस नैतिक और संवैधानिक तर्क नहीं थे।

03. दरभंगा जिले के विभिन्न अंचलों में तैनात एक सौ अट्ठाईस राजस्व कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण निलंबित।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तर—पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश। दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर।

————————————————————————

लोकसभा में कल संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान था। लोकसभा में उपस्थित कुल 528 सदस्यों में 298 सांसदों ने इसके पक्ष में और 230 ने इसके विरोध में मतदान किया, जो दो तिहाई बहुमत से कम था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मतदान का परिणाम घोषित किया।

———साउंड बाईट———

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक सहित अन्य दो विधेयक संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक से जुड़े हुए हैं, इसलिए इन्हें पारित करने के लिए पेश नहीं किया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने का अवसर गंवाने का आरोप लगाया।

———साउंड बाईट———

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार लोकसभा और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। वे लोकसभा में पेश इन विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। परिसीमन को लेकर विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि संविधान में परिसीमन का प्रावधान किया गया है और इससे प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को उचित प्रतिनिधित्व मिल पाएगा। वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के

लिए आरक्षण विधेयक नहीं है और इसका महिलाओं के सशक्तिकरण से कोई संबध नहीं है।

---साउंड बाईट---

-----------------------------------

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने वाले संविधान संशोधन विधेयक को पारित न करके देश की आधी आबादी के साथ घोर विश्वासघात किया है।

---साउंड बाईट---

वहीं, पूर्व मंत्री और जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने महिला आरक्षण विधेयक गिरने पर विपक्ष की आलोचना की।

---साउंड बाईट---

केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा ने कहा है कि लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का गिरना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी इसके लिए विपक्ष को माफ नहीं करेगी।

इस बीच, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि गलत इरादे से लाये गये विधेयक का गिरना प्रमाणित करता है कि बहुमत के बल पर विपक्षी दलों के अधिकारों और क्षेत्रीय संतुलन को बिगाड़ा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि विधेयक को पास करवाने के लिए एनडीए सरकार के पास ठोस नैतिक और संवैधानिक तर्क नहीं थे।

---साउंड बाईट---

-----------------------------------

बिहार कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं को शीर्ष नेतृत्व से जोड़ने के लिए सृजन साथी जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पटना स्थित पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस डिजिटल ड्राइव की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी अब डिजिटल तरीके से सदस्यता अभियान शुरू करेगी। इसके लिए एक विशेष एप लांच किया जायेगा।

---साउंड बाईट---

-----------------------------------

राज्य सरकार ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव की सुरक्षा बढ़ा दी है। दोनों को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

————————————————————————

दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार ने जिले के विभिन्न अंचलों में तैनात एक सौ अट्ठाईस राजस्व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। इन सभी पर सामूहिक अवकाश लेकर विभागीय कार्यों में बाधा डालने का आरोप है। वहीं, शिवहर की जिलाधिकारी प्रतिभा रानी ने पिपराही के राजस्व कर्मचारी लाल देव कुमार यादव को सामूहिक अवकाश पर रहने समेत अन्य कारणों से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पूर्णिया पूर्वी के राजस्व कर्मचारी लाल बाबू रजक और रिकॉर्ड रूम की महिला कर्मी रूमी कुंडू को चालीस हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ये दोनों कर्मी रोक सूची से जमीन का विवरण हटाने के लिए शिकायतकर्ता से घूस ले रहे थे।

————————————————————————

बिहार ने ज्ञान भारतम् मिशन के तहत चल रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे में देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित कला संस्कृति विभाग की बैठक में यह जानकारी दी गयी।

————————————————————————

राज्य के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से छात्रों का नामांकन होगा। इसके अलावा बिहार कृषि विश्वविद्यालय में भी इसी पोर्टल के माध्यम से नामांकन होगा। शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जुलाई से शुरू हो रहे नये शैक्षणिक सत्र से नामांकन की नई व्यवस्था प्रभावी हो जायेगी। हालांकि मगध विश्वविद्यालय बोधगया और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में यह व्यवस्था फिलहाल लागू नहीं होगी।

————————————————————————

रेलवे भर्ती बोर्ड ने सहायक लोको पायलट के ग्यारह हजार एक सौ सत्ताईस पदों पर भर्ती के लिए केंद्रीयकृत रोजगार अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पन्द्रह मई से शुरू होगी। अभ्यर्थी चौदह जून तक आवेदन कर सकेंगे।

————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज सुबह राज्य के उत्तर–पूर्वी जिलों अररिया, किशनगंज और पूर्णिया में कुछ जगहों पर हल्की बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर–पूर्वी हिस्से में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना बनी हुई है। राज्य के शेष हिस्सों का मौसम शुष्क बना रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभुआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। डेहरी का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव छह, औरंगाबाद का चालीस दशमलव आठ, गयाजी का चालीस दशमलव चार और पटना का अधिकतम तापमान छत्तीस दशमलव आठ डिग्री सल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी शेखर कृष्ण यादव को गुजरात के साणंद से गिरफ्तार किया है। आरोपी बांका जिले के बेलहर थाना के खरौंधा गांव का रहने वाला है। उसे बिहार लाया जा रहा है।

———————————————————————

मधेपुरा से पूर्णिया कोर्ट जा रही कोसी एक्सप्रेस ट्रेन के एक डब्बे में कल रात अचानक आग लग गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जान बचाने के लिए कई यात्री ट्रेन से कूद गये। रेलवे कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी प्रकार की जन हानि सूचना नहीं है।

———————————————————————

राजगीर खेल अकादमी में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर रग्बी सेवन्स चैम्पियनशिप के महिला वर्ग में ओडिशा की टीम चैम्पियन बनी है। कल खेले गये फाइनल मुकाबले में ओडिशा ने बिहार को सत्ताईस–शून्य से हराकर खिताब जीत लिया। बिहार की टीम को उपविजेता की ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा।

गोपालगंज में खेले जा रहे रणधीर वर्मा अंडर नाईनटीन वनडे क्रिकेट ट्रॉफी में गोपालगंज की टीम ने पटना को पराजित कर सेमीफाईनल में प्रवेश कर लिया है। .

मुंगेर जिले के असरगंज प्रखंड के सजुआ गांव में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से आये पहलवानों ने भाग लिया।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज बेंगलुरू में डेल्ही कैपिटल्स का मुकाबला रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरू से होगा। यह मैच दोपहर बाद साढे तीन बजे से खेला जाएगा। एक

अन्य मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद आमने–सामने होंगे। यह मैच शाम साढे सात बजे से हैदराबाद में खेला जायेगा। इधर, अहमदाबाद में कल खेले गये मैच में गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाईट राइडर्स को पांच विकेट से हरा दिया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने महिला अरक्षण संशोधन विधेयक से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– संसद में संग्राम, लोकसभा में एक सौ इकतीसवें संविधान संशोधन विधेयक को नहीं मिला जरूरी दो–तिहाई बहुमत। महिला आरक्षण संशोधन बिल गिरा।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– कांग्रेस को शाह की चेतावनी, मातृशक्ति मांगेगी हिसाब नहीं मिलेगा रास्ता।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– जनगणना में बढ़चढ़ कर भाग लें राज्यवासी।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– पॉलिटिकल चंदे के नाम पर टैक्स चोरी, बिहार–झारखंड के दो हजार संदिग्ध करदाताओं को आयकर का नोटिस।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– चार मई के बाद होगा बिहार कैबिनेट का विस्तार, अधिकतर पुराने चेहरे रहेंगे बरकरार।

आज अखबार लिखता है– बिहार में जारी रहेगी शराबबंदी– सम्राट।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में गिरा। सरकार ने विपक्ष पर महिला विरोधी होने का लगाया आरोप।

02. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा–विधेयक को पास करवाने के लिए एनडीए सरकार के पास ठोस नैतिक और संवैधानिक तर्क नहीं थे।

03. दरभंगा जिले के विभिन्न अंचलों में तैनात एक सौ अट्ठाईस राजस्व कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण निलंबित।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश। दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।